हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 26 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

10 विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से...



10 नपा चेयरमैन ने वार्ड 14 का किया दौरा



## खबर संक्षेप

### सेना भर्ती रैली एक अगस्त से

**जींद।** भर्ती निदेशक सेना भर्ती कार्यालय हिसार ने बताया कि सेना भर्ती रैली जो कि भर्ती कार्यालय हिसार द्वारा एक अगस्त से 13 अगस्त तक आयोजित की जा रही है, इसमें भाग लेने वाले सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि इस बार सीईई के चयनित उम्मीदवारों को अनुकूलनशीलता प्रशिक्षण भी देना होगा।

### हेरोइन सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** नशा सप्लाई करने वालों पर शिकंजा कसते हुए एंटी नारकोटिक सैल के एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम द्वारा हेरोइन सप्लायर आरोपी जिला जींद के गांव थुआ निवासी सुनील कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 11 जून 2024 को एंटी नारकोटिक सैल पुलिस टीम द्वारा धेरडु निवासी कर्मबीर के मकान पर दबिश देकर आरोपी धेरडु निवासी कर्मबीर को काबू किया गया था।

### छेड़छाड़ का विरोध किया तो मारपीट, मामला दर्ज

**कैथल।** गांव डीग में एक महिला से छेड़छाड़ करने तथा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। गांव डीग की एक महिला ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 जुलाई को शीश कुमार तथा प्रिंस ने मिलकर उसके साथ छेड़छाड़ की। जब उसके द्वारा आरोपियों का विरोध किया गया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करते जान से मारने की धमकी दी।

### रास्ता रोककर की मारपीट, एक घायल

**कैथल।** गांव बाता में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव बाता के सतीश ने कलायत पुलिस को भी शिकायत में बताया कि 15 जुलाई को जब वह गांव से जा रहा था तो गांव के ही संजय प्रदीप तथा वीरमति ने मिलकर उसका रास्ता रोकते हुए उसे पर लाठी डंडे तथा ईटों से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया।

### मारपीट में एक युवक घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** कस्बा ढांड में हुई मारपीट में युवक घायल हो गया। अस्पताल में दाखिल करवाया है। बीपीआर कॉलोनी ढांड के युग्म ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 जुलाई को जब वह अपनी कॉलोनी से जा रहा था तो कॉलोनी के ही नकुल तथा मन्नू ने दो-तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे पर लाठी तथा लोहे की राड से हमला करते उसे घायल कर दिया।

### एमबीबीएस-बीडीएस सीटों के लिए पंद्रह तक आवेदन

**कैथल।** जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण अधिकारी ओपी शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा रक्षा मंत्रालय को केंद्रीय पूल कोटे के अंतर्गत रक्षा कर्मियों/पूर्व सैनिक सैनिकों के बच्चों के लिए प्रतिवर्ष एक निश्चित संख्या में एमबीबीएस और बीडीएस सीटें आबंटित की जाती हैं। ऑनलाइन आवेदन 15 अगस्त तक वैबसाईट पर जाकर आवेदन कर सकता है।

### अमेरिका भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी काबू

**कैथल।** युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर 39 लाख रुपये ठगी के मामले की जांच इकनॉमिक सैल के पीएसआई संदीप की टीम ने आरोपी मनीत धवन उर्फ मनी को दिल्ली से काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव कौल निवासी संत लाल की शिकायत अनुसार उसका बेटा कर्ण अमेरिका जाना चाहता था।

### युवक की हत्या करने के मामले में 5 आरोपी काबू

**कैथल।** गांव बढसिकरी में मटौर निवासी युवक की हत्या करने के मामले में थाना कलायत व सीआईए-1 पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 5 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मटौर निवासी सतपाल सिंह ने शिकायत दी थी।

## आज और कल दो सत्रों में होगी परीक्षा, जींद में 49 केंद्रों पर दो दिन में 48558 परीक्षार्थी देंगे पेपर

# जींद-कैथल में पुख्ता प्रबंधों के बीच आज होगी सीईटी परीक्षा

### तय समय पर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) द्वारा करवाई जा रही सीईटी परीक्षा को लेकर जींद प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। परीक्षा की पारदर्शिता को लेकर डीसी मोहम्मद इमरान रजा के निर्देशन में परीक्षा संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर पहले ही दिशा-निर्देश दे चुके हैं। इसके साथ ही परीक्षा को पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों तथा खूफिया विंगों ने कमान संभाल ली है। परीक्षा को लेकर कुल 49 सेंटर बनाए गए हैं। परीक्षा शनिवार और रविवार को दो-दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। कुल 26 ड्यूटी मजिस्ट्रेट परीक्षा पर नजर रखेंगे। दो दिनों में 49 परीक्षा केंद्रों पर 48558 परीक्षार्थी देंगे परीक्षाः परीक्षा को लेकर जिला में 49 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर दो दिनों चार शिफ्टों में 48558 परीक्षार्थी परीक्षा देंगें। 26 जुलाई शनिवार सुबह के सत्र में 26158 व शाम को 26094 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके साथ ही 27 जुलाई रविवार को सुबह के समय में 26228 व शाम के समय 25782 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। एएसपी सोनाक्षी सिंह को परीक्षा को लेकर नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षार्थी अपने साथ मोबाइल फोन व अन्य किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रोनिक डिवाइस लेकर नहीं जा सकेंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे व जैमर लगा दिए गए हैं। परीक्षा केंद्र में निषेध वस्तुएं ना लेकर जाएं जैसे मोबाइल फोन, घडियां, बेल्ट, पेन, पेंसिल, रबड़, शॉर्पनर, व्हाइटनर, स्याही, आभूषण आदि। कोई भी इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण अवैध होगा। अपना स्वयं का पेन न लाएं। पेन एचएसएससी द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। ओएमआर शीट पर रबड़, ब्लेड, कील, व्हाइटनर या ऐसी किसी भी वस्तु का प्रयोग न करें। इससे आपकी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी। ओएमआर शीट को ना मोड़ें, ना फाड़ें या उस पर कोई निशान न बनाएं। देर से न आएं और रिपोर्टिंग समय के बाद प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीईटी परीक्षा के प्रश्न पत्र भी प्राप्त कर जिला खजाना अधिकारी के कार्यालय में सुरक्षित रखे गए हैं। प्रश्न पत्रों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वीडियोग्राफी के माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाया जाएगा। इसको लेकर रूट मैप भी तैयार हो चुका है। डयूटी मजिस्ट्रेट की डयूटी लगा दी है। देखरेख में खजाना अधिकारी कार्यालय से प्रश्न पत्र लेकर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचेंगे। सीईटी परीक्षा को लेकर महिला व पुरूष पुलिसकर्मियों की डयूटी लगाई गई है ताकि ताकि परीक्षा केंद्रों पर किसी प्रकार की कोई बाहरी दखलअंदाजी न हो। परीक्षार्थी रोल नंबर, आईडी प्रूफ समेत बोर्ड द्वारा जारी किए गए हिदायतों के अनुसार कागजातों की जांच करेगी। जिसके बाद परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर जाने दिया जाएगा।




**जींद।** बैठक में भाग लेते डीसी व अन्य अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

#### रहेगी शटल बस की सुविधा

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जींद से जो अभ्यर्थी सीईटी परीक्षा देने के लिए करनाल जाएंगे, उनकी बसों को करनाल पुलिस लाइन में पार्क करवाया जाएगा। वहां से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाने के लिए शटल बस सर्विस उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त पुलिस लाइन में ऑटो व ई रिक्शा की सुविधा भी उपलब्ध होगी। जैसे ही परीक्षा खत्म होगी, शटल बस सर्विस अभ्यर्थियों को पुलिस लाईन में छोड़ेगी। वहां से अभ्यर्थी जींद के लिए वापिस रवाना होंगे। इसी प्रकार जींद जिला के जिन अभ्यर्थियों की कैथल जिला में परीक्षा होगी। उन परीक्षार्थियों को उनके सेंटर तक पहुंचाने के लिए आगे शटल बसों की व्यवस्था की गई है।

#### 762 बसों की व्यवस्था की

हरियाणा रोडवेज विभाग द्वारा शेड्यूल तैयार किया गया है। इसके अनुसार 26 जुलाई को सुबह व सायं के सत्र में होने वाली परीक्षा के लिए कुल 52252 परीक्षार्थियों के लिए 762 बसों व 27 जुलाई को 52010 परीक्षार्थियों के लिए भी 762 बसों की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार अन्य जिलों से जींद में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक आवागमन के लिए भी 60 शटल बसों की व्यवस्था की गई है और 10 बसों को रिजर्व में भी रखा गया है। इसके साथ-साथ कुछ रूटों पर बसों के संचालन के फेरे बढ़ाए गए हैं। इन कम किलोमीटर के रूटों पर यह बसें सुबह सत्र के बाद सायं के सत्र में भी जाएगी।

#### संदिग्धों पर रखी जा रही पैनी नजर

**जींद।** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने सीईटी परीक्षा को लेकर सभी थाना प्रभारी, क्राइम यूनिट प्रभारी व चौकी इंचार्ज को निर्देश दिए हैं कि शहर के सभी होटल, पीजी, साइबर कैफे व फोटो स्टेट की दुकानों पर सघन जांच अभियान चला कर कड़ी निगरानी रखी जाए। वहीं पुलिस संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर रख रही है। सीईटी परीक्षा को लेकर जिला जींद पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं। सुरक्षा योजना तैयार कर परीक्षा केंद्रों व उनके आसपास निगरानी व पुलिसबल की तैनाती सुनिश्चित कीहै। परीक्षा के लिए जिला में 35 लोकेशन पर 49 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को सुरक्षित माहौल में व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता है। जिला जींद में आठ यातायात नाकों सहित 26 पुलिस नाके लगाए गए है ।जिला में 1260 जवान व अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह आईपीएस ने इसको लेकर सभी प्रर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रभारी, क्राइम यूनिट प्रभारी व चौकी इंचार्ज को सावधानी व सतर्कता बरतने के कड़े निर्देश दिए है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह आईपीएस ने यातायात व्यवस्था के लिए डीएसपी ट्रैफिक व प्रबंधक अफसर यातायात को कड़े निर्देश दिए हैं। जिसमें परीक्षा के दौरान शहर व आसपास के क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से सुचारु और सुदृढ़ रखें।

#### इन बातों का रखें ख्याल

- एक स्पष्ट रूप से मुद्रित रंगीन प्रवेश पत्र (दोनों तरफ एक ही ए 4 पृष्ठ पर) साथ लाएं। जिस पर ए चिह्न पर आपकी नवीनतम रंगीन फोटो चिपकाई गई हो तथा जो स्वयं सत्यापित हो।
- एक मूल फोटो पहचान पत्र ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट आदि साथ लाएं। फोटो कॉपी डिजिटल प्रतियां स्वीकार्य नही हैं।
- सुरक्षा जांच और तलाशी के कारण होने वाली देरी से बचने के लिए परीक्षा स्थल पर समय से पहले पहुंचें।
- परीक्षा के दिन से पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का स्थान जांच लें और सत्यापित कर लें।
- यदि आपने धार्मिक, परंपरागत पोशाक या ऐसी वस्तुएं पहन रखी हैं जिनकी अतिरिक्त तलाशी की आवश्यकता हो सकती है तो निर्धारित समय से कुछ समय पहले रिपोर्ट करें।
- परीक्षा शुरू होने के पांच मिनट के भीतर सुनिश्चित करें कि टेस्ट बुकलेट के सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित हैं और टेस्ट बुकलेट कोड और ओएमआर शीट सीरियल नंबर मेल खाते हैं।
- एचएसएससी द्वारा अपनी वेबसाइट, विज्ञापन, एडमिट कार्ड, ओएमआर शीट और प्रश्न पुस्तिका पर दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें।
- परीक्षा कक्ष से बाहर जाने से पहले ओएमआर शीट और प्रश्न पुस्तिका सौंप दें।

#### सुरक्षा के व्यापक प्रबंधः एसपी

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों व आसपास के क्षेत्रों में व्यापक पुलिसबल की तैनाती की जाएगी। परीक्षा केंद्रों की परिधि के अलावा बाहर भी पुलिसबल लगाया जाएगा। इसके साथ-साथ पेट्रोलिंग पार्टी भी बनाई जाएगी जो निरन्तर सभी परीक्षा केन्द्रों का दौरा करती रहेगी। विभिन्न स्थानों पर नाके भी लगाए जाएंगे। सभी डयूटी मजिस्ट्रेट के साथ भी पुलिस बल तैनात होगा। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की निगरानी में परीक्षा की सामग्री पहुंचाई जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एएसपी सोनाक्षी सिंह नोडल रहेगी।




जींद का राजकीय महाविद्यालय, जिसे सीईटी परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

#### वीडियोग्राफी के बीच पहुंचाई जाएगी सामग्री

एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि परीक्षा के दिन व्यापक सुरक्षा और वीडियोग्राफी के बीच संबंधित परीक्षा केंद्रों में परीक्षा सामग्री पहुंचाई जाएगी। सभी सेंटर सुपरवाइजर पूरी जिम्मेदारी के साथ परीक्षार्थियों को परीक्षा सामग्री सौपेंगे।




**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते। *फोटो :हरिभूमि*

## परीक्षार्थियों को नहीं आने दी जाएगी कोई परेशानीः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि सीईटी परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करवाने को लेकर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की गाइडलाइन का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाएगा। परीक्षार्थियों को लाने व ले जाने के लिए पर्याप्त संख्या में बसों की व्यवस्था की गई है। किसी भी परीक्षार्थी को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। डीसी प्रीति शुक्रवार को लघु सचिवालय के वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम में जिला के प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता को वीसी के माध्यम से तैयारियों के बारे में अवगत करवा रहीं थी। डीसी प्रीति ने बताया कि परीक्षा को लेकर एडीसी दीपक बाबूलाल करवा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगा दिए हैं। कैथल जिले में केवल जींद जिले से परीक्षार्थी आएंगे। बस अड्डे से परीक्षा केंद्रों तक लाने व ले जाने के लिए नए बस स्टैंड पर 85 शटल बसों की व्यवस्था की गई है। इन बसों से परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। इसको लेकर रूट बना लिए गए हैं। इसी प्रकार कैथल जिले के अभ्यर्थी पंचकूला और चंडीगढ़ में परीक्षा देने जाएंगे। जिनके लिए 10 कलस्टर बनाए गए हैं, जहां से बसें मिलेंगी। यह यात्रा निशुल्क रहेगी। महिला परीक्षार्थी अपने साथ एक परिजन को साथ लेकर जा सकती हैं। सभी कलस्टर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। वीसी उपरांत डीसी प्रीति ने अधिकारियों को निर्देश देते ट्रेजरी से परीक्षा केंद्र तक पेपर ले जाने व परीक्षा के समाप्त होने के बाद वापस लाने के दौरान पूरी निगरानी की जाए। सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट अपने अपने केंद्र पर समय पर पहुंचे और व्यवस्था चैक कर लें। सभी रिजर्व ड्यूटी मजिस्ट्रेट अपने स्टाफ के साथ पीडब्ल्यूडी के विश्राम गृह में मौजूद रहें, ताकि जरूरत पड़ने पर ड्यूटी लगाई जा सके। इसके साथ ही सभी परीक्षा केंद्र अधीक्षक तथा पर्यवेक्षक सुनिश्चित करें कि परीक्षा समाप्त होने से पहले कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र से बाहर न आए। डीसी प्रीति ने अधिकारियों को परीक्षा में गोपनीयता, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, मोबाइल निषेध, बायोमीट्रिक हाजिरी, परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था तथा अनुशासन बनाए रखने संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

#### चंडीगढ़ और पंचकूला के लिए यहां से मिलेंगी बसें

डीसी प्रीति ने बताया कि कैथल जिला वासियों के परीक्षा केंद्र पंचकूला व चंडीगढ़ में बनाए गए हैं। कैथल जिला से दोनों दिनों में करीब 32-32 हजार अभ्यार्थी चंडीगढ़ व पंचकूला में परीक्षा देने जाएंगे। परीक्षार्थियों के लिए पूंडरी, ढांड, कैथल, राजौंद, कलायत, चीका, कसान, सांघन, सीवन तथा पाई बसें खड़ी की गई हैं। जिन अभ्यर्थियों की परीक्षा 26 जुलाई को सुबह के सत्र में है उनके लिए सुबह 3 बजे से बसें पंचकूला व चंडीगढ़ के लिए रवाना होनी शुरू हो जाएंगी। जिन परीक्षार्थियों की सायं कालीन सत्र में परीक्षा हैं उनके लिए सुबह करीब 8 बजे से बस रवाना होनी शुरू हो जाएंगी।

## बिजली समस्या को लेकर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव कर्मगढ़ के ग्रामीणों ने बिजली समस्या से परेशान होकर शुक्रवार शाम को जींद-भिवानी मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम लगने की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और बिजली निगम अधिकारियों से ग्रामीणों की बातचीत करवा जाम को खुलवाया। जाम के कारण यात्रियों तथा वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पडा। गांव कर्मगढ़ के ग्रामीणों का शुक्रवार को उस समय धैर्य जवाब दे गया जब शाम तक गांव की बिजली आपूर्ति बहाल नही हुई। खफा ग्रामीण गांव के बस अड्डे पर आ गए और जींद-भिवानी मार्ग पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों का कहना था कि पिछले तीन दिन से गांव की बिजली गुल है। रात को महज दो घंटे बिजली दी जाती है। बिजली न आने के कारण गांव की पेयजल स्पलाई भी ठप पड़ी हुई है। जिसके चलते उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली अधिकारी उनकी समस्या की तरफ कोई ध्यान नही दे रहे हैं। जाम की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों की बातचीत बिजली निगम अधिकारियों से करवा, बिजली आपूर्ति का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।



**जींद।** जाम लगाए ग्रामीणों को समझाते पुलिसकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

## चिकित्सक की हत्या षड़यंत्र या मामला रोडरेज का

- जिन पर हत्या के षड़यंत्र का आरोप, वे खुद भी हमले में घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदो में रामपुरा रोड पर चिकित्सक की चाकू मार कर की गई निजी अस्पताल संचालक चिकित्सक विकास की हत्या का मामला षडय़ंत्र तथा रोडरेज के बीच उलझा हुआ है। पुलिस को मौके पर कुछ सबूत भी हाथ लगे हैं। जिसमें दो गाड़ियों के मौके पार्टस मिलना, सीसी टीवी फूटेज, कुछ प्रत्यक्षदर्शी शामिल हैं, जो रोडरेंज की तरफ इशारा कर रहे है। मृतक के परिजनो ने चिकित्सक के साथ गाडी में सवार दूसरे घायल चिकित्सक तथा उसके घायल रिश्तेदार पर हत्या का षडय़ंत्र रचने के आरोप जड़े हैं। जबकि दूसरा चिकित्सक व उसका रिश्तेदार भी चाकू के हमले में घायल हुए है। जो पानीपत के निजी अस्पताल में उपचाराधीन है। हालांकि पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों घायलों को नामजद कर आठ अन्य के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीमे मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। गाड़ी सवार दो चिकित्सकों तथा एक अन्य पर हुए चाकू से हमले की सूचना पाकर डीएसपी सफीदों गौरव शर्मा, शहर थाना सफीदों प्रभारी दिनेश कुमार फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई थी और हालातों का जायजा लिया था। पुलिस की टीमों ने शहर में सीसी टीवी कैमरों की फूटेज को खंगाला तो दोनो गाडियां दिखाई दी। मौके पर दोनों गाडियों के आपस में भिड़ने के साक्ष्य भी पुलिस को मिले हैं। सीसी फूटेज में फोरच्यूनर गाड़ी भी दिखाई दे रही है। जिसमे हमलावर सवार थे। मृतक डा. विकास को सफीदों शहर में लीलावती अस्पताल का संचालक डा. अनिल बुला कर ले गया था। गाड़ी को डा. अनिल का साढू गांव सिंघाना निवासी हैफेड कर्मी यशपाल चला रहा था। यशपाल को भी पांच चाकू लगे हैं। जबकि डा. अनिल को भी कान के पास चाकू लगा है। जबकि मृतक विकास के दिल पर भी चाकू लगा था। पुलिस ने पानीपत निजी अस्पताल में भर्ती डा. अनिल तथा यशपाल के बयान लेने की कोशिश भी की लेकिन दोनों बयान देने लायक नही थे।

#### जल्द गुत्थी को सुलझा लिया जाएगा

डीएसपी सफीदों गौरव शर्मा ने बताया कि पुलिस की टीमें लगातार आरोपितों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही है। कुछ साक्ष्य तथा सीसी टीवी फूटेज पुलिस को मिली हैं। गाडियों पार्टस भी घटनास्थल पर मिले हैं। हत्या के पीछे षडय़त्र है या रोडरेज का मामला हर पहलू को जांचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही गुत्थी को सुलझा लिया जाएगा।

### अध्यक्ष की मौजूदगी में चीका नगरपालिका की बैठक

# 16 में से 3 पर सहमति,13 प्रस्तावों पर असहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

चीका नपा की आज यहां नपा अध्यक्ष डा. रेखा रानी की अध्यक्षता में नपा कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के सभी 17 वार्डों के पार्षदों ने भाग लिया। बैठक शान्तिपूर्वक ढंग से शुरू हुई परंतु कुछ देर बाद कुछ पार्षदों ने शहर में विकास कार्य न होने के चलते हंगामा करना शुरू कर दिया और चेयरपर्सन पर आरोप लगाया कि शहर के विकास में वे जानबूझकर बाधा खड़ी कर रही हैं, जिससे नगर पार्षद व शहर के लोगों दोनों परेशान हैं। इस बीच बैठक में शहर के विकास के लिए 16 एजेंडे रखे, जिसमें से 3 एजेंडे सर्वसम्मति से पास हो गए, जबकि 13 एजेंडों पर सहमति नहीं बनी। कार्यों के एजेंडों को पूरी तरह से दरकिनार कर दियाहै, जबकि चेयरपर्सन ने कहा कि बार बार मांगने के बावजूद किसी भी असंतुष्ट पार्षद ने बैठक के लिए कोई विकास एजेंडा दिया ही नहीं। चेयरपर्सन ने बताया कि आज की बैठक में रखे सभी एजेंडों को उपायुक्त के पास भेज दिया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी विकास एजेंडों को प्रशासन की मंजूरी मिल जाएगी। दूसरी तरफ बैठक को लेकर असंतुष्ट पार्षदों में से वार्ड 2 के पार्षद दलबीर सिंह ने बताया कि बैठक में केवल उन्हीं मुद्दों पर चर्चा हुई, जो एजेंडे रखे गए थे।



**चीका।** नपा बैठक की अध्यक्षता करते चेयरपर्सन डा. रेखा रानी।

#### विकास कार्यो में रोड़ा अटकाने का लगाया आरोप

नपा चेयरपर्सन डा. रेखा रानी ने असंतुष्ट पार्षदों को आड़े हाथों लेते हुए उन्हें पहले कांग्रेसी पार्षद करार दिया और बाद में आरोप लगाया कि वे शहर के विकास में रोड़ा अटका रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे पार्षद जो बैठकों का बायकाट करते हैं और जिन्होंने बजट बैठक का भी बायकाट करके विकास में रोड़ा अटकाने का काम किया, तो फिर उन्हें विकास कार्यों का रोना ना रोकर इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाने वाले पार्षदों को चेताया कि वे अपने आरोपों को साबित करें या फिर इस्तीफा देकर दोबारा जनमत हासिल करें।

## गांव बालू में तालाब से हटेगा अतिक्रमण बीडीपीओ ने दो दिन का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत उपमंडल के बालू गांव में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के आदेशों के बाद तालाब की जमीन से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शुक्रवार को बीडीपीओ रितु शर्मा पुलिस बल के साथ कुम्हारधना तालाब (खसरा नंबर 1264 और 368) पर पहुंचीं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने तालाब किनारे गोबर के उपले डालकर और दीवार निकालकर अवैध कब्जा कर रखा है। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू करने पर, मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने दो दिन में खुद ही उपले आदि हटाने का आश्वासन दिया। बीडीपीओ रितु शर्मा ने अतिक्रमणकारियों को सोमवार तक का समय दिया है, जिसके बाद अतिक्रमण न हटने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि तालाब या पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तालाब की जमीन पर कब्जे को लेकर ग्रामीणों के दो गुटों के बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुका है। एक पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष ने अपनी जमीन बताकर पंचायती जमीन पर कब्जा कर लिया है, जबकि दूसरा पक्ष इसे अपनी जमीन बताकर किए गए निर्माण पर विरोध जता रहा है।

## खबर संक्षेप

### व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया

**नरवाना।** रोजगार विभाग हरियाणा द्वारा 21 से 25 तक व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्कूल व कॉलेज में पढने वाले छात्रों को करियर को चुनने व स्वरोजगार की विभिन्न योजनाओं के बारे जागरूक व प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज 25 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाकल में सेमिनार आयोजित किया गया।

### तीज के त्योहार पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**नरवाना।** निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय बेलरखा में तीज पर्व के उपलक्ष्य में पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया और कला प्रतिभा एवं सांस्कृतिक का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्राथमिक कक्षा के छात्र-छात्राओं ने तीज पर्व की पारंपरिक झलकियों लोक जीवन महिलाओं की खुशियोंए और हरियाणवी संस्कृति से जुड़े विषयों को रंगों के माध्यम से जीवंत कर दिया।

### हरियाली तीज पर रंगारंग व मनमोहक प्रस्तुतियां दी

**जींद।** महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में महर्षि विश्व शांति आंदोलन के सौजन्य से हरियाली तीज का उत्सव मनाया गया। इसके तहत अध्यापक, अध्यापिका व छात्राओं ने स्कूल में हरियाली तीज पर कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में अध्यापिकाओं व छात्राओं ने तीज के पर्व पर हरे रंग के वस्त्र पहन कर पर्व की गरिमा और महत्व को जाना।

### एनएमएमएस की स्कॉलरशिप में विद्यालय बड़नपुर सर्वश्रेष्ठ

**नरवाना।** प्रार्थना सभा में प्रिंसिपल संजय चौधरी ने सभी शिक्षक गण एवं विद्यार्थी गण को बड़े हर्ष के साथ सूचित है कि खंड शिक्षा अधिकारी की मीटिंग में वे 70 से अधिक प्रधानाचार्यए मुख्याध्यापकए मिडिल हेड तथा खंड शिक्षा अधिकारी शामिल थे खंड शिक्षा अधिकारी माननीय पुष्पा देवी ने एक बहुत ही गर्वपूर्ण डाटा मीटिंग में बताया।

### पोक्सो अधिनियम 2012 के तहत प्रशासन सजग

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग जींद द्वारा जिले में 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों को यौन शोषण एवं उत्पीडऩ से सुरक्षा देने के लिए लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियमए 2012 (पोक्सो एक्ट) के तहत सख्त प्रावधानों के साथ संवेदनशील कार्य किया जा रहा है।

### नियमितिकरण प्रक्रिया को लेकर एसओपी जारी

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि गांवों की शमिलात भूमि पर बने पुराने अवैध मकानों को वैध रूप से नियमित करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई है। यह प्रक्रिया केवल उन ग्रामीण निवासियों पर लागू होगी, जिन्होंने 500 वर्ग गज या उससे कम क्षेत्रफल की जोहड़ की जमीन एवं ऐसी भूमि जिससे रास्ते में रुकावट हो, उसे छोड़ कर शामलात देह की गैर कृषि भूमि पर 31 मार्च 2004 से पहले मकान बना लिया था।

### दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आज से

**जींद।** तीज के पावन पर्व पर हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल एवं सरस्वती कला मंच जुलाना जींद के संयुक्त तत्वावधान में सोम तीर्थ पाण्डु पिंडारा में 26 जुलाई व 27 जुलाई की सायं छह बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम नायाब तीज उत्सव का आयोजन होगा। इसमें 26 जुलाई को अल्फाज़ हरियाणवी एवं दल लोक रागिनी की प्रस्तुति देंगे।

### दाखिले के लिए 28 जुलाई तक करें आवेदन

**उचाना।** राजीव गांधी महाविद्यालय में एमए इतिहास, समाजशास्त्र एवं राजनीतिक विज्ञान विषयों में ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी 28 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रणवीर कौशल और दाखिला कमेटी के कन्वीनर डा. राजेश श्योकंद ने जानकारी दी।

---

इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना में हरियाली तीज और कारगिल विजय मनाया

# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मोहा मन

## भारतीय सैनिकों के शौर्य, साहस और बलिदान को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना में हरियाली तीज एवं कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन न केवल भारतीय संस्कृति की सजीव प्रस्तुति था बल्कि छात्रों में देशभक्ति व नैतिक मूल्यों के बीज बोने का सशक्त माध्यम भी बना। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं बुके भेंट से हुआ। जिसके बाद दीप प्रज्वलन, प्रार्थना और प्रतिज्ञा के माध्यम से कार्यक्रम को गरिमामयी आरंभ मिला। आज का विचार, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरीए समाचार वाचन एवं अद्भुत तथ्यों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को शैक्षणिक और रोचक बनाया। अध्यापिका किस्मत ने कारगिल विजय दिवस पर प्रभावशाली भाषण देते भारतीय सैनिकों के शौर्य, साहस और बलिदान को याद किया। उन्होंने छात्रों को राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से जीवन जीने का संदेश दिया। तीज उत्सव की पारंपरिक छटा को जीवंत करते हुए छात्राओं ने रंगारंग तीज नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं छात्र देवांश ने अपनी प्रेरणादायक कविता से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यापिका निशा ने अपने भाषण में हरियाली तीज की महत्ता, नारी सशक्तिकरण और संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। इंडस कैरियर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर संजीव तायल ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की और कहा कि सफलता केवल परिश्रम से नही बल्कि दिशा और मूल्यों से मिलती है। उन्होंने शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण की महत्ता पर जोर दिया। इंडस ग्लोबल अकेडमी के डायरेक्टर प्रवीन परूथी ने विद्यार्थियों को भारतीय त्योहारों और ऐतिहासिक घटनाओं से जुड़े रहने की प्रेरणा दी और कहा कि ऐसे आयोजनों से भावनात्मक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना का विकास होता है। कार्यक्रम में प्रस्तुत हरियाणवी नृत्य ने सभी को हरियाणा की लोक संस्कृति से परिचित कराया। प्रस्तुति में छात्रों ने लय, उत्साह और ऊर्जा का अद्भुत प्रदर्शन किया। मंच संचालन की जिम्मेदारी हेडब्वाय आर चरन एवं हेड गर्ल नैंसी ने संभाली। जिन्होंने आत्मविश्वास के साथ पूरे कार्यक्रम को संयोजित किया और दर्शकों से भरपूर सराहना प्राप्त की। इसके बाद कक्षा 6 से 12वीं तक की छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लिया एवं विद्यालय के कैबिनेट सदस्यों ने पौधा रोपण करके पर्यावरण सरंक्षण की शपथ ली। अंत में हेडमास्टर जेएस सारंग ने धन्यवाद करते हुए सभी अतिथियों, विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रप्रेम को विकसित करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



जींद। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।



फोटो :हरिभूमि


जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों को तीज का महत्व बताया

**जींद।** इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में शुक्रवार को हरियाली तीज पर्व के उपलक्ष में रंगारंग तीज मेले का आयोजन किया गया। मले में बच्चों और अध्यापिकाओं ने पारंपरिक परिधानों में आकर पूरे आयोजन को जीवंत सांस्कृतिक उत्सव का रूप दे दिया। स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों की भरमार और नन्हे-नन्हे विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने इस कार्यक्रम की खूबसूरती को दोगुणा कर दिया। सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्रांगण में लगे झूलों का बहुत आनंद लिया। मेले में तरह-तरह की स्टॉल्स लगाई गई गई और सेल्फी स्टैंडस भी बनाए गए। इसी बीच पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाते अध्यापिकाओं ने अपने हाथों से छात्राओं के हाथों पर मेहंदी भी लगाई। मुख्यअध्यापिका गुरमीत कौर ने बच्चों को तीज के महत्व के बारे में जानकारी दी एवं कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ते उनमें रचनात्मक सहयोग और पारिवारिक मूल्यों का विकास करते हैं। इसलिए हमें सभी त्योहार मिलजुल कर मनाने चाहिए।

### हरियाणा की लोक संस्कृति हमारे गौरव का प्रतीक

**जींद।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन बीबीपुर में हरियाली तीज के पावन अवसर पर हरियाणा की संस्कृति को समर्पित नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। स्कूल परिसर हरियाली, लोकगीतों और पारंपरिक परिधानों से सज गया। छात्र व छात्राओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया और मंच को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हरियाणवी संस्कृति पर आधारित लोकगीतों और नृत्यों की प्रस्तुति रहा। जिसमें बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा पहन कर मनमोहक प्रस्तुति दी। प्राचार्य जतिन कथूरिया ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा तक सीमित नही है बल्कि बच्चों को उनकी संस्कृति और परंपराओं से जोडना भी है। हरियाली तीज जैसे त्यौहारों के माध्यम से हम उनमें सांस्कृतिक मूल्यों को जागृत करते हैं। विद्यालय के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा की लोक संस्कृति हमारे गौरव का प्रतीक है।

### सुप्रीम स्कूल में तीज का त्योहार धूमधाम से मनाया

**जींद।** एकता नगर स्थित सुप्रीम स्कूल में तीज के त्यौहार का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य सतेंद्र त्रिपाठी जी के अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य सतेंद्र त्रिपाठी जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि तीज का त्यौहार हमें प्रकृति के महत्व और उसकी सुंदरता का आनंद लेने का अवसर प्रदान करता है। प्राचार्य ने कहा कि तीज का त्यौहार सामाजिक सद्भाव और एकता का भी प्रतीक है। जिसमें महिलाएं एक.दूसरे के साथ मिलकर त्योहार मनाती हैं और एक-दूसरे के साथ खुशी और उत्साह साझा करती हैं। स्कूल में बच्चों ने तीज के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किएए जिसमें उनकी प्रतिभा और उत्साह का प्रदर्शन हुआ। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. डीपी जैन, उपाध्यक्ष बलवान कौशिक और निदेशक शरत अत्री और विकास शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना की और सभी बच्चों को तीज के त्यौहार की शुभकामनाएं दी।

### वेदांता किड्स में धूमधाम से मनाया तीज का त्यौहार


**नरवाना।** वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूलए बसंत विहार में तीज का त्यौहार पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक रंग में डूबकर मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण को रंग.बिरंगी सजावटए बंदनवार और फूलों से विशेष रूप से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के डायरेक्टर प्रदीप नैन व प्रधानाचार्या रश्मि जैन द्वारा दीप प्रज्वलन से की गई। मौके पर छात्र व छात्राओं ने रंग.बिरंगे परिधानों में सज.धजकर लोकगीतों और नृत्यों और प्ले की सुंदर प्रस्तुति दी। कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के सभी बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। बच्चों द्वारा इस कार्यक्रम पर लाए गए व्यंजनों का आनंद उठाया ।झूले की विशेष व्यवस्था की गई थीए जिसमें छात्राओं ने पारंपरिक रीति.रिवाजों के अनुसार तीज के गीत गाकर झूले का आनंद लिया। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने भी अन्य कार्यक्रम और पारंपरिक खेलों में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर श्तीज का महत्व विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गयाए जिसमें छात्रों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के डायरेक्टर प्रदीप नैन ने बच्चों को तीज पर्व की सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के बारे में जानकारी दी।

---

### बलिदानी वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**जींद।** कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर आधारशिला विद्यालय के विद्यार्थियों ने शहर में स्थित शहीदी स्मारक स्थल पर जाकर बलिदानी वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी विद्यार्थियों ने शहीदों को नमन करते प्रण लिया कि वे उनकी शहादतों एवं उनके पराक्रम को धूमिल नहीं होने देंगे। उन्होंने भारत मां के वीर सपूतों की याद में तिरंगा लहराते हुए जयकारों के उद्घोष से पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति से आपूरित कर दिया। वक्तव्य के दौरान निर्देशिका अंजू सिहाग ने बताया कि 26 जुलाई भारत के सैन्य इतिहास में एक गौरवशाली दिवस है। भारत माता के उन जांबाजों की शौर्य गाथा का विस्तार से वर्णन करते हुए नमन किया, जिन्होंने भारत की धरती और दुश्मनों की गोलियों के बीच अपने फौलादी सीनों को दीवार की तरह दुर्भेद बनाकर खड़ा कर दिया। निदेशिका अंजू सिहाग नें छात्रों को सम्बोधित करते हुए वीरों के प्रेरणा पद चिह्नों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि जब तक हमें अपने वीरों की शौर्य व पराक्रम की कहानियां याद है तब तक हम विश्व में पराक्रमी है।


जींद। शहीद स्मारक पर मौजूद आधारशिला स्कूल के बच्चे।


शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के साथ मौजूद डा. धर्मदेव विद्यार्थी।

### हरियाणवी भाषा बनने में पूर्णतया सक्षम

**जींद।** हरियाणवी बोली की अपनी मिठास है जो सभी हरियाणा वासियों में पाई जाती है। हरियाणवी बोलियों का मानकीकरण करके एक भाषा तैयार की जाए। जिसका अपना व्याकरण हो तो उसे संवैधानिक दर्जा दिया जा सकता है। ये बात हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने उस समय व्यक्त किए जब हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के हिंदी और हरियाणवी प्रकोष्ठ के डायरेक्टर डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने उन्हें हरियाणवी भाषा एक संपूर्ण भाषा है पर तैयार एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस पर शिक्षा मंत्री ने भाषा से संबंधित पहलुओं पर गहन चर्चा की तथा अकादमी द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने हरियाणवी भाषा में उपलब्ध साहित्य के संग्रह की आवश्यकता पर बल दिया तथा हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जाने पर जोर दिया। डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि भाषा के विद्वान प्रोफेसरों द्वारा एक रिपोर्ट तैयार की गई है। जिसमें सिद्ध किया गया है कि हरियाणवी भाषा बनने में पूर्णतया सक्षम है। जिसका व्याकरण और शब्दकोश भी तैयार कर लिया गया है।

### बिजली कर्मियों का धरना जारी

**जींद।** आल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की सब यूनिट नंबर 2 जींद ने उपमंडल अधिकारी द्वारा गलत तरीके से किए गए ऑफिस ऑर्डर के खिलाफ धरना चौथे दिन भी जारी रहा। धरना की अध्यक्षता संदीप लाठर ने की। धरना का संचालन सोनू डांगी ने किया। प्रधान संदीप लाठर ने कहा कि एसडीओ द्वारा जो ऑर्डर किए हैं वो सरासर गलत है जो कि किसी के बहकावे में आ कर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सब स्टेशन में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। पिछले कई महीने से किसी भी कर्मचारी को कोई सेफ्टी टूल किट नहीं दी गई है। एसडीओ के खिलाफ जब से धरना जारी है। अधिकारी अपनी सीट पर भी नहीं बैठे हैं। जिससे आम पब्लिक के कार्यो में भी देरी हो रही है। धरना पर विशेष तौर पर पहुंचे सर्कल सचिव धर्मबीर भंभेवा, यूनिट प्रधान राकेश ईक्कस, यूनिट सचिव संदीप गिल ने संयुक्त बयान में कहा कि निगम मैनेजमेंट द्वारा गलत तरीके से ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू करना चाहती है। जिसका संगठन पांच अगस्त को कार्यकारी अभियंता के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेगा।


जींद। धरने पर बैठे बिजली कर्मी। फोटो :हरिभूमि


प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर व शिक्षाविद आशुतोष शर्मा सेमिनार को संबोधित करते हुए।

### हर दिन एक नई शुरुआत : शर्मा

**जींद।** नवनील आईटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एक प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें विशेष अतिथि के रूप में प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर व शिक्षाविद आशुतोष शर्मा ने हिस्सा लिया। उन्होंने युवाओं को आत्मविकासए सकारात्मक सोच और जीवन में सफलता के मंत्र सांझा किए। अपने प्रेरक संबोधन में आशुतोष शर्मा ने कहा कि हमें जीवन में कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। क्योंकि क्या पता कौन सा दिन हमारे लिए एक नई उन्नति और अवसर लेकर आ रहा हो। उन्होंने यह भी कहा कि सीखना तब तक अधूरा है जब तक उसे अपने जीवन में लागू न किया जाए। हमें अपनी लर्निंग को व्यवहार में लाना चाहिए ताकि उसका वास्तविक लाभ मिल सके। सेमिनार के अंत में आशुतोष शर्मा ने कार्यक्रम के आयोजक और नवनील आईटी सेंटर के संचालक नवीन दुल का विशेष धन्यवाद किया और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और दिशा देने का काम करते हैं।

---


जींद। सीएम के नाम ज्ञापन भेजते यूनियन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### मुख्यंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**जींद।** हरियाणा कर्मचारी पुलिस एसोसिएशन सेवा निवृत के सदस्यों ने हिसार में डीजे बंद करवाने के मामले में विवाद के बाद पुलिस कर्मियों पर मामला दर्ज करने के विरोध में धरना दिया और प्रदर्शन किया। सभी ने इस मुकद्मा बारे रोष प्रकट किया। पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार पुलिस पर भी झूठे मुकद्में ड्यूटी के दौरान काम करते दर्ज होते रहे तो आम जनता भी सुरक्षित नही है। पुलिस विभाग में तथा अन्य विभागों के कर्मचारियों में तथा आम जनता में इस बारे पूरा रोष है। इस पर सारी जनता अपने आप को असुरक्षित मान रही है। क्योंकि वहां पर पुलिस की गाड़ी जनता ने ही अपनी सुरक्षा में बुलाई थी और देर रात के समय डीजे को बंद करवाने लगी तो उन पर ही शरारती तत्वों ने हमला बोल दिया और उन्हें काफी चोटें मारी तथा एक आदमी जिसकी मृत्यु नशे में होकर गिरने पर हुई थी। उस बारे पूरी जांच नही करके पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ मुकद्मा दर्ज किया तो इस मुकद्मा की निष्पक्ष जांच हो तथा शरारती तत्वों के खिलाफ ठोस कानूनी कार्यवाही की जाए।

## नपा चेयरमैन ने वार्ड 14 का किया दौरा

- निकासी व्यवस्था का जल्द होगा समाधान : डा. संजय जांगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के वार्ड 14 का जुलाना नगरपालिका के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने दौरा किया। डा. संजय जांगड़ा के सामने वार्ड के लोगों ने निकासी व्यवस्था का दुखड़ा रोया। वार्ड के लोगों ने कहा कि उन्हें आज भी सीवरेज व्यवस्था नही मिल पाई जिससे उन्हें काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। सीवरेज लाइन के मैनहोल ओवरफ्लो होकर गलियों में गंदगी फैल रही है। जिससे वार्ड में बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। डॉ संजय जांगड़ा ने कहा कि जल्द ही नगरपालिका द्वारा सीवरेज साफ करने की मशीन मंगाई गई है। जिससे वार्ड के लोगों को समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास नीति के तहत हर वर्ग का एक समान विकास करवा रही है। भाजपा का एक ही लक्ष्य है कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की सुविधाएं पहुंचनी चाहिए।


जुलाना। वार्ड 14 में लोगों से बात करते चेयरमैन डा. संजय। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### खेलकूद में छाया आदर्श स्कूल

**नरवाना।** विद्या भारती द्वारा आयोजित उत्तर क्षेत्र की तीन दिवसीय प्रतियोगिता 22 जुलाई से 24 तक शिक्षा भारती विद्यालय रोहतक में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 9 संकुलों के हरियाणा प्रांत के लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्तर क्षेत्र के बहुत सारे खिलाडियों ने भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सूर्यप्रताप रति के कर.कमलों से बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस प्रतियोगिता में आदर्श बाल मंदिर उच्च विद्यालय नरवाना के खिलाड़ियों ने अनुज ने कुश्ती में प्रथम स्थानए सुमित ने बॉक्सिंग में प्रथम स्थानए ऋषभए हार्दिकए जतिन ने बैडमिंटन में द्वितीय स्थानए हिमांशु ने कुश्ती में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस खुशी के अवसर पर माननीय प्रबंध समिति के अध्यक्ष कृष्णए प्रबंधक दिनेशए कोषाध्यक्ष नरेंद्र ग्रोवर एवं समस्त समिति सदस्यों ने शुभकामनाएं दी व प्रांतीय स्तर पर पहुंचने की बधाई दी। वंदना सभा में इंचार्ज प्रधानाचार्य जोगेंद्र ने खेलों का महत्व बताते हुए प्रांतीय स्तर पर पहुंचने के लिए सभी खिलाड़ियों को साधुवाद दिया और विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात बताई।

---

रिक्त सीटों को लेकर शेड्यूल का इंतजार

# यूजी कोर्स में 20 से 25 प्रतिशत सीटें रिक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में दो मेरिट लिस्ट और फिजिकल काउंसलिंग के बाद भी यूजी कोर्स में 20 से 25 प्रतिशत सीट खाली बची हुई हैं। जबकि जिले के विभिन्न कॉलेजों में निर्धारित सीटों पर दो से तीन गुना आवेदन आए थे। वहीं दूसरी ओर पहली मेरिट लिस्ट में भी ज्यादातर संकायों में 100 से ऊपर रही थी। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार 19 मई से लेकर 16 जून तक विद्यार्थियों को दाखिले के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना था। आवेदन के समय तो कॉलेजों में निर्धारित सीटों पर दो से तीन गुना तक आवेदन आए थे। ऐसे में जब 26 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी हुई थी तो ज्यादातर संकायों में मेरिट लिस्ट 100 से ऊपर रही थी। पहली मेरिट लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आया था। उसके पास 27 जून से लेकर 30 जून तक दाखिले के लिए फीस जमा करवाने का समय था। पहली मेरिट लिस्ट के बाद सीट खाली रहने पर तीन जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी हुई थी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आया, उनके पास चार जुलाई से लेकर सात जुलाई तक फीस भरने का समय था। नौ जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग शुरू हुई थी। 11 जुलाई से लेकर 17 तक 100 रुपये लेट फीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकते थे। फिर 18 जुलाई से लेकर 24 जुलाई तक पहले वाले 100 रुपये लेट फीस और 100 रुपये हर रोज लेट फीस भरकर विद्यार्थी दाखिला ले सकते थेए लेकिन दो सप्ताह चली फिजिकल काउंसलिंग के बाद भी अभी भी कॉलेजों में सीट खाली बची हुई हैं।

### अभी भी कुछ सीटें बची : प्रो. सत्यवान मान

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यवान मलिक ने बताया कि दो मेरिट लिस्ट और फिजिकल काउंसलिंग के बाद भी कॉलेज में कुछ सीटें रिक्त रह गई हैं। अगर रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से और काई नया शेड्यूल आता है तो विद्यार्थियों को अवगत करवा दिया जाएगा।


जींद। बैठक करते हुए एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### समस्याओं का समाधन करने का आह्वान

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में एसडीएम सत्यवान मान की अध्यक्षता में समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम सत्यवान मान ने कहा कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीति के तहत संचालित समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निवारण का एक सशक्त माध्यम बन चुके हैं। यह शिविर शासन और नागरिकों के बीच संवाद और विश्वास को मजबूती देने के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यप्रणाली की पारदर्शिता को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता देते गंभीरता से निपटाया जाना अनिवार्य है। सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे नियमित रूप से शिकायतों की समीक्षा करें, समाधान की स्थिति को समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर अपडेट करें तथा लंबित मामलों के शीघ्र समाधान को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विशेषतौर पर 60 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का तत्काल निपटान कर उनकी एटीआर पोर्टल पर अपलोड की जाए।

## गांव आहूं में रात्रि प्रवास कार्यक्रम का आयोजन, डीसी ने सुनीं जनसमस्याएं

# रात्रि प्रवास का मुख्य लक्ष्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद

- संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए जल्द समाधान के निर्देश
- प्राकृतिक खेती की तरफ रुझान बढ़ाएं किसान : सतपाल जांबा
- रात्रि प्रवास कार्यक्रम में गांव की हकीकत से रूबरू होने का मिलता है मौका : प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

गांव आहूं में रात्रि प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें डीसी प्रीति व एसपी आस्था मोदी सहित जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं व शिकायतें रखी, जिस पर डीसी प्रीति ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए।

इस मौके पर पूंडरी विधायक सतपाल जांबा विशेष रूप से मौजूद रहे और उन्होंने करवाए गए और भविष्य में करवाए जाने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गांव आहूं में सीसीटीवी कैमरे, स्कूल में दो कमरे बनाए जाएंगे। माजरा रोड से जय सिंह के घर तक रास्ता बनाया जाएगा। स्कूल में शौचालय बनाए जाएंगे और आहूं गांव में चौपाल की मुरम्मत करवाई जाएगी। इसके साथ ही गांव में सामुदायिक केंद्र बनाने के लिए तथा पंचायत घर बनाने के लिए फाइल को अप्रूवल के लिए भिजवाया गया है। इसके अलावा गांव का कचरा उठाने के लिए एक ट्रैक्टर ट्रॉली भी उपलब्ध करवाई जाएगी। विधायक सतपाल जांबा ने ग्रामीणों अपील करते हुए कि प्राकृतिक खेती की तरफ रुझान बढाएं, क्योंकि इसमें लागत भी कम आती है और बीमारियां भी नहीं आती। अभी धान की खेती में फिजी नामक एक वायरस आया हुआ है। लेकिन हमने करीब 53 एकड़ में प्राकृतिक खेती की है, उसमें कोई बीमारी नहीं आई। इसलिए किसानों को पारंपरिक खेती से प्राकृतिक खेती की ओर लौटना चाहिए। डीसी प्रीति ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के दौरान कहा कि रात्रि प्रवास कार्यक्रम मुख्य लक्ष्य प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंच सके और जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों को समझा जा सके। इस तरह के आयोजनों से न केवल ग्रामीणों को अपनी बात रखने का अवसर मिलता है, बल्कि प्रशासन को भी वास्तविक स्थिति का आंकलन करने में मदद मिलती है। आमजन की आवाज एवं उनकी जरूरतें प्रशासनिक सेवाओं को और बेहतर बनाने में मदद करती हैं।




पूंडरी। डीसी प्रीति गांव आहूं में रात्रि प्रवास कार्यक्रम में प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए गांव आहूं में रात्रि प्रवास कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि



पूंडरी। गांव आहूं में रात्रि प्रवास कार्यक्रम में ग्रामीणों को शपथ दिलाती डीसी प्रीति।

### डीसी प्रीति ने नाबालिग बच्चों को दी दो पहिया वाहन न चलाने की नसीहत

डीसी प्रीति ने कार्यक्रम समाप्त होने के बाद बच्चों से बातचीत की और उन्हें दो पहिया वाहन न चलाने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे अच्छी शिक्षा एवं संस्कार प्राप्त कर जीवन में अच्छा मुकाम हासिल करें। वहीं उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे नशे से दूर रहते हुए अपने सभ्य समाज की संरचना में सहयोग करेंगे। **नशे के खिलाफ मुहिम बढ़कर लें भाग:** विधायक सतपाल जांबा ने आमजन से अपील की कि प्रदेश सरकार द्वारा नशे के खिलाफ एक मुहिम बढ़कर कर भाग लें और नशा करने वालों और नशा बेचने वालों के बारे में प्रशासन को जानकारी दें ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई को गांव कौल में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सभी ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे और अपने भागीदारी सुनिश्चित करें।

### समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी प्रीति

ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं, जिनमें मुख्य रूप से जमीनी विवाद, बिजली की तारे छत के ऊपर से गुजरने, पानी, सफाई कर्मचारियों की कमी, शस्त्र लाइसेंस बनाने की मांग तथा निकासी की समस्या शामिल रही। डीसी ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं आमजन : एडीसी

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सोलर सिस्टम से जहां एक ओर हमें ग्रीन ऊर्जा मिलती है, वहीं लोगों को बिजली के बिलों में भी बड़ी राहत मिल रही है। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं और बच्चों को कुपोषण से मुफ्त रहने के लिए अच्छा खान पान लेने की सलाह दी। उन्होंने गांव में स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए अनुदान के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

### नशे से दूर रहें युवा : एसपी

एसपी आस्था मोदी ने कहा कि रात्रि प्रवास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जमीनी हकीकत को समझना है। हम सब मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां आपसी भाईचारा बनाकर रखे। युवा अपराध और नशे जैसे बुराई से दूर रहें। आज के कार्यक्रम में आई आपकी हर शिकायत पर उचित कार्रवाई होगी। जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश ने कहा कि मनरेगा स्कीम के तहत पात्र लोगों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है। गांव में पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनवाया जा रहा है। गांव में कचरा प्रबंधन के लिए एक शैड बनवाया गया है।



कैथल। तीज उत्सव पर स्टाफ सदस्यों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

### दर्शन अकादमी में तीज उत्सव मनाया

कैथल। दर्शन अकादमी, प्रताप गेट, कैथल में पारंपरिक तीज उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर सरकारी हॉस्पिटल की डॉक्टर प्रीति को आमंत्रित किया गया जिन्होंने छात्रों को नशे की हानियों के बारे में बताया और नशे से दूर रहने की सलाह दी।इस अवसर पर तीज से संबंधित भिन्न भिन्न क्रियाकलापो का आयोजन किया गया। छोटे बच्चों ने अपनी चित्रकला और पतंग को सुंदर तरीके से सजाकर वह लड़कियों ने मेहंदी के द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया। विद्यालय में कम्युनिटी सर्विस के अंतर्गत विद्यार्थियों ने जरूरतमंदों के लिए बिस्किट के पैकेट वितरित किए। विद्यालय के छात्रों ने रंग-बिरंगे परिधान पहनकर तीज से जुड़ी सुंदर नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्होंने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।



कैथल। श्री पार्श्वनाथ स्कूल में हरियाली तीज प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

### श्री पार्श्वनाथ स्कूल में हरियाली तीज मनाई

राजौंद। राजौंद पुंडरी रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ स्कूल में हरियाली तीज मनाई गई। हरियाली तीज के उपलक्ष में विद्यार्थियों द्वारा भिन्न-भिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया गया । रस्सा कस्सी, रंगोली बनाओ प्रतियोगिता कक्षा का वर्गीकरण अनुसार आयोजन किया गया । रस्सा कस्सी में भगत सिंह क्लब के लड़के व सुभाष चंद्र बोस क्लब की लड़कियों ने बाजी मारी रंगोली प्रतियोगिता में भगत सिंह क्लब की पलक राणा, महक, अलीशा व गुंजन ने सबसे सुंदर रंगोली बनाकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता में लड़कियों के साथ-साथ लड़कों ने भी भाग लिया। स्कूल प्रबंधक रमेश राणा ने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थी अपनी संस्कृति से जुड़े रहते हैं।

## खबर संक्षेप



कैथल। भजनों पर झूमते श्री गिरिराज मित्र मंडल कैथल के सदस्य।

### श्री गिरिराज मित्र मंडल निकालेगा प्रभात फेरी

कैथल। श्री गिरिराज मित्र मंडल कैथल द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 23 प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। इस श्रृंखला में पहली प्रभात फेरी शुक्रवार को श्री खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। इस अवसर पर मंडल के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रभात फेरी के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण, श्री राधा और श्री खाटू श्याम की भक्ति और श्रद्धा का प्रदर्शन किया।



पूंडरी। अभिभावकों को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य।

### गुरु नानक स्कूल में मनाया तीज उत्सव

पूंडरी । गुरु नानक पब्लिक स्कूल में तीज का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों और प्रधानाचार्य ऋतु बंसल ने दीप प्रज्वलन किया। अभिभावकगणों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय में आयोजित खेल प्रतियोगिताएं इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं।



राजौंद। एसडीम स्कूल में हरियाली तीज के दौरान विद्यार्थी।

### एसडीएम स्कूल में मनाया हरियाली तीज का महोत्सव

राजौंद। एसडीएम इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में हरियाली तीज का महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक प्रोग्राम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।





कैथल। ध्रुव पब्लिक स्कूल में तीज उत्सव में भाग लेतीं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### ध्रुव पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से मनाया तीज उत्सव

पूंडरी। ध्रुव पब्लिक स्कूल में आज पारंपरिक हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। यह पर्व विशेष रूप से महिलाओं और बालिकाओं द्वारा मनाया जाता है, जिसमें हरियाली, झूले और लोकगीतों की छटा देखने को मिलती है। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या प्रवीन ढिल्लो के भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने तीज के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को समझाया। छात्राओं ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान पहनकर सुंदर लोक नृत्य, गीत, और कविता पाठ प्रस्तुत किए। विद्यालय परिसर को फूलों, रंगोलियों और पारंपरिक सजावट से सजाया गया था। बच्चों के लिए मेहंदी प्रतियोगिता, झूला सज्जा जैसी रोचक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना और उनमें सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित करना रहा। ध्रुव पब्लिक स्कूल परिवार की यह पहल विद्यार्थियों और अभिभावकों द्वारा सराही गई।

## लोक कलाकारों एवं छात्रों ने अपनी प्रस्तुति से बिखेरे सांस्कृतिक रंग

- एनआईआईएलएम विवि कैथल में सामण तीज महोत्सव का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाली तीज का लोक पर्व आज एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल में हर्ष, उल्लास, उत्साहपूर्वक मनाया गया। विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में तीज पर्व पर शानदार झूले झूलने की मस्ती तथा गीत-संगीत-नृत्य का समागम रहा।

तीज महोत्सव में सीवन नगरपालिका चेयरपर्सन हेमलता सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में आदिवासी स्थिति के रूप में हिमानी गुप्ता (लोक कलाकार) ने शिरकत की, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर सोनिया नैन एवं मुस्कान मलिक (सोशल मीडिया पर्सनलिटी) ने शिरकत की इसके अलावा विशेष रूप से गांव जसवंती से सरपंच जसपाल कौर, नरड से राणु देवी, सेगा से सोनिया , जगदीशपुरा से सविता , सिसमोर से रानी देवी, गयोंग से मनजीत कौर , सीरटा से गीता रानी, उझाना से रीना देवी ,खुराना से कमलेश देवी आदि महिला सरपंचों ने अपनी गरिमामई उपस्थित दर्ज कराई ।



कैथल। एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय कैथल में तीज उत्सव का शुभारंभ करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### डीएवी पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज पर रंगारंग कार्यक्रम

पूंडरी। डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के प्रांगण में हरियाली तीज के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने की। मंडेरे काग बोलै बागां मैं बोलै पपीहा-म पेड़ तै फुहार पड़ै सामण के दिन चारश, तीज के इस गीत की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। हरियाणवीं वेशभुषा में प्रस्तुति देकर बच्चों ने हरियाणवीं संस्कृति और परंपरा को मंच के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने हरियाणवीं समूह नृत्य, समूह गायन, एकल नृत्य, पंजाबी नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। बच्चों ने सावन तीज को लेकर सुंदर कविता, भाषण के माध्यम से तीजोत्सव मनाया। इस अवसर पर प्राचार्या साधना बख्शी ने सभी को हरियाली तीज की बधाई दी और अपने संदेश में कहा कि भारतीय संस्कृति बहुत महान संस्कृति है। यहां सभी त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाए जाते हैं। तीज भी एक उनमे से है।



पूंडरी। तीज उत्सव पर हरियाणवीं नृत्य करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि



कैथल। तीज उत्सव के दौरान जाट स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### जाट सीनियर सेकेंडरी में मनाया हरियाली तीज महोत्सव

कैथल। जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल में हरियाली तीज के उपलक्ष में तीज महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इसमें प्राइमरी, मिडिल व हाई स्कूल के बच्चों के लिए पतंगबाजी, मेहंदी व नृत्य कलाओं का आयोजन किया गया सभी बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के द्वारा सबके दिलों को मोह लिया विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने बच्चों को हरियाली तीज का महत्व बताया।



पूंडरी। तीज उत्सव में भाग लेते कॉलेज स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### कन्या महाविद्यालय में तीज उत्सव मनाया

पूंडरी। ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में वूमेन सेल आईडीपी सैल द्वारा हरियाली तीज के उपलक्ष्य पर उत्सव का आयोजन किया गया। तीज महोत्सव का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अमिता राणा द्वारा किया गया। महाविद्यालय में तीज के उपलक्ष्य पर मेहंदी प्रतियोगिता, राखी मेकिंग प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। तीज के आयोजन हेतु कॉलेज परिसर में झूला डाला गया। छात्राओं ने झूला झूल कर व मेहंदी लगा कर तीज उत्सव मनाया। वही छात्राओं द्वारा तीज उत्सव के पारंपरिक गीत व नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। छात्राओं ने हरियाणवी गीतों पर प्रस्तुति दी। तीज के उत्सव के दौरान कॉलेज की प्राचार्या द्वारा कॉलेज स्टाफ और छात्राओं को तीज की बधाई दी एवं सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।



कैथल। पतंग उड़ाते गायत्री पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### गायत्री स्कूल में धूमधाम से मनाया तीज उत्सव

कैथल। माता गेट स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज के उपलक्ष्य में तीज महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के लिए पतंग बनाओ व सजाओ प्रतियोगिता, छात्राओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता और छात्रों के लिए पतंग उड़ाने का प्रबंध किया गया। इस अवसर पर झूलों का भी खास इंतजाम किया गया जिसका छात्राओं ने खूब आनन्द लिया। साथ ही संगीत की धुनों पर थिरककर विद्यार्थियों व अध्यापक-अध्यापिकाओं ने तीज महोत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर स्कूल के मैनेजिंग डॉयरेक्टर आयुष गर्ग ने बच्चों व अध्यापक-अध्यापिकाओं को तीज की शुभकामनाएं दी व उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार हमारी भारतीय सभ्यता व संस्कृति को दर्शाते हैं।



कलायत। तीज उत्सव पर कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं फोटो : हरिभूमि

### शिक्षा भारती में मनाया तीज महोत्सव

कलायत। शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत में हरियाली तीज के उपलक्ष्य में तीज महोत्सव बड़ी धूमधाम व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में तीज के उपलक्ष्य पर विद्यालय की नन्हे मुन्ने बच्चों ने फैंसी ड्रेस नृत्य प्रतियोगिता मेहंदी प्रतियोगिता वह पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता में बढ़चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के अध्यक्ष कुलदीप सिंह बिढाण ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया व सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को हरियाली तीज की बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह बिढाण ने कहा की हरियाली तीज एक त्यौहार नहीं बल्कि धैर्य शक्ति और अटूट विश्वास का इतिहास है। हिंदू पौराणिक कथाओं में देवी पार्वती ने भगवान शिव का प्यार और स्वीकृति पानी के लिए कई वर्षों तक कठोर तपस्या की विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अमरदीप ने कहा कि बच्चों ने स्कूल में लगे झूले का भी आनंद लिया। शिक्षकों ने भी तीज के त्योहार का आनंद लियाऔर बच्चों को इस त्योहार के महत्व के बारे में बताया। बच्चों को चॉकलेट और लड्डू भी वितरित किए गए।

## धान सीजन को लेकर कृषि मंत्री से मिले राइस मिलर्स एसो. के सदस्य

# राइस मिलर्स की मांगों के जल्द समाधान की उम्मीद : अमरजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा राइस मिलर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि एसोसिएशन के सदस्य आगामी धान सीजन को लेकर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से मिले। जिसमें मिलर्स, किसान, आढ़तियों से लेकर मजदूरों की मांगें रखीं गई।

उन्होंने कहा कि इस बार भी सीएमआर कार्य कई जिलों में देर से शुरू हुआ। एफसीआई के पास स्पेस की दिक्कत रही। जिस कारण मिलर्स चाहकर भी समय पर चावल नहीं जमा करा सके। इसके चलते एसोसिएशन ने पहले ही सरकार से चावल लगाने की समय सीमा 30 जून तक बढ़वाने की मांग की थी, जिसे केंद्र सरकार ने माना भी। पंजाब में तो इसको बढ़ा भी दिया गया है। इसके साथ ही सीएमआर के चावल की डिलीवरी देने के लिए कोटा निर्धारित करने की मांग की है। जिसमें कुल चावल का 60 प्रतिशत 31 मार्च तक, 70 प्रतिशत 30 अप्रैल तक, 80 प्रतिशत 31 मई तक और 100 प्रतिशत 30 जून तक किया जाए। उन्होंने कहा मिलर्स की बोनस की मांग को भी जोरशोर से रखा गया। हरियाणा में सीएमआर कार्य समय पर पूरा करने पर केवल 15 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस दिया जाता है, वह भी उनको मिलता है जो 15 मार्च तक चावल की डिलीवरी देता है। इतने कम समय में पूरे चावल की डिलीवरी हो नहीं सकती। जबकि छतीसगढ़ व मध्य प्रदेश में 80 से 150 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया है और समयसीमा भी 30 जून तक रखी है। हरियाणा में चावल डिलीवरी की देरी होने पर होल्डिंग चार्जेज व ब्याज लगाया जाता है। जबकि पंजाब में 31 अगस्त तक भी चावल जमा कराने का समय दिया जाता है।



कैथल। हरियाणा राइस मिलर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा पत्रकारों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### प्रदेश में बूथों पर काम करने वाले आढ़तियों के लाइसेंस होंगे रिन्यु

प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने बताया कि सरकार की तरफ से आढ़तियों को एक सौगात दी गई है। जिसमें ऐसे आढ़ती जो बूथों पर काम कर रहे हैं। उनके लाइसेंस रिन्यु होने का रास्ता साफ हो गया है। जिन बूथों के आगे फसल डालने की जगह (फड) हैं। उनके एक साथ लाइसेंस रिन्यु किए जाएंगे। प्रदेश में ऐसे 3500 आढ़ती हैं। इसके साथ ही 700 बूथ ऐसे हैं, जिनको साल 2012-13 में लाइसेंस दिए गए थे, लेकिन उनको रिन्यु नहीं किया जा रहा था। अब उनको भी एक बार में ही रिन्यू किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### साइबर ठगों ने ठगे 11.17 लाख, केस

**कैथल।** साइबर अपराधियों ने म्यूचुअल फंड में इन्वेस्ट करवा ज्यादा मुनाफा देने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 11 लाख 17527 की धोखाधडी का मामला दर्ज किया है। कैथल के हूडा सेक्टर 20 के रोहतास कुमार ने साइबर क्राइम पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 मार्च 2025 को उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि वह म्युचुअल फंड का अच्छा जानकार है।

### सेरहदा गांव में मारपीट एक व्यक्ति घायल

**कैथल ।** गांव सेरहदा में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। गांव के कृष्ण कुमार ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 जुलाई को गांव के ही सौरभ, गौरव, कर्मवीर, वकील, साहिल तथा जिंदर ने मिलकर उसे पर लाठियां से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। मामले के जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली बिल भरने के नाम पर महिला से 7000 ठगे

**कैथल ।** कैथल के बिजली बोर्ड कार्यालय में बिजली बिल भरने के नाम पर 7000 की धोखाधडी का मामला सामने आया है। ढांड की अनीता ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 24 जुलाई को कैथल के पिहोवा चौक स्थित बिजली कार्यालय में बिजली का बिल भरने के लिए आई थी।

### फर्जी पुलिस अधिकारी बन 90394 की धोखाधड़ी

**कैथल।** कैथल के गांव शिमला से साइबर ठाकुर द्वारा फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर एक व्यक्ति से 90394 की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। गांव शिमला के अनिल कुमार ने साइब पुलिस को बताया कि 12 जनवरी 2025 को उसे पर एक व्यक्ति का फोन आया तथा उसने खुद को पुलिस अधिकारी बताया आरोपी ने उसके व्हाट्सएप नंबर पर उसे एक फर्जी नोटिस भेजते हुए उसे पर दबाव बनाकर उसके खाते से 90354 की राशि की धोखाधड़ी की।

### उपराष्ट्रपति के इस्तीफे से किसान आहतः माजरा

**कैथल।** पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रामपाल माजरा ने कहा कि पूर्व उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे से किसान वर्ग में मायूसी है। उन्हें किसानों के हित में आवाज उठाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। माजरा ने अपने आवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अब किसानों के हित में बात कर रहे थे। उन्होंने कृषि मंत्री से किसानों के हित में किए गए कार्यों पर सवाल उठाते हुए जवाब मांगा था। साथ ही किसानों को दी जाने वाली किसान सम्मान निधि को भी काफी कम बताया था। जिससे भाजपा परेशान थी। किसानों के हित में आवाज उठाने पर ऐसा किया गया।

### नेशनल हेल्थ मिशन निदेशक को सब अच्छा दिखाने का किया प्रयास, फिर भी मिली कई खामियां

# एमरजेंसी के एसी स्लो तो लैब में नहीं था पूरा सामान डिस्पेंसरी में दवाइओं का टोटा, कई कर्मियों को नोटिस

- अस्पताल के हर कौने तक पहुंची निरीक्षण करने आई टीम
- कई कर्मचारियों के खिलाफ नोटिस निकालने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





**जींद।** नागरिक अस्पताल में दिशा-निर्देश देते हुए हेल्थ मिशन (एनएचएम) के स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक डा. वीरेंद्र यादव। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक डा. वीरेंद्र यादव ने अपने निरीक्षण की शुरूआत की। हालांकि पिछले तीन दिन से अस्पताल प्रशासन निदेशक को सबकुछ अच्छा दिखाने के प्रयास में जुटा था लेकिन ज्यों-ज्यों निरीक्षण शुरू हुआ त्यों-त्यों खामियां निकलनी शुरू हो गई। इमरजेंसी से लेकर ब्लड बैंक और रजिस्टर मेंटेन, इंडोर फाइल समेत कई जगह खामियां मिली।

इस पर निदेशक ने कड़ी फटकार लगाई और इनमें सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी में एसी नहीं चल रहा था। एक बेड पर दो-दो मरीज लेटे हुए थे। एग्जोस्ट फैन नहीं थे। मरीज पंखों के नीचे ही बेड को खींच कर ले जा रहे थे। मरीजों के साथ आए परिजनों ने भी व्यवस्था पर सवाल उठाए। इस पर डा. वीरेंद्र यादव ने कर्मचारियों को फटकारते हुए इसमें एसी को ठीक करने, पंखे लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान टीम को इमरजेंसी वार्ड मरीजों से खचाखच भरा हुआ मिला।

इससे मरीजों को काफी सुविधा हो रही थी। इसे लेकर डा. वीरेंद्र यादव ने अस्पताल प्रशासन की खिंचाई की। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सिविल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड को 20 बेड का और विस्तार दिया जाए। टीम ने सिविल अस्पताल में मरीजों की इंडोर फाइलों को पुराना बताते हुए इन्हें तुरंत प्रभाव से बदलने के निर्देश दिए।

### लैब तकनीशियनों को नही थी हाथ धोने की जानकारी

निदेशक ने लैब में पहुंच कर कर्मियों से हाथ धोने की जानकारी मांगी तो कई को हाथ धोना ही नही आया। डस्टबीन ठीक से नहीं मिले तो वहीं कुछ कर्मियों से काम के बारे में पूछा तो जानकारी नही मिली।

### गायनी वार्ड में नहीं चल पाया लाउड स्पीकर

गायनी वार्ड में गर्भवती महिलाओं के तिमारदारों को बुलाने के लिए लाउडस्पीकर की अस्थायी व्यवस्था सार्थक की टीम के आने से पहले कर दी लेकिन टीम के सामने वह चला ही नहीं।

### इमरजेंसी से शुरू किया निरीक्षण

निदेशक ने सबसे पहले इमरजेंसी के गेट से काम करना शुरू किया तो इमरजेंसी के गेट पर ही रस्सी लगी मिली। जिससे एंबुलेंस व निजी गाड़ी का आगे निकलना संभव नहीं था। क्योंकि गेट पर रस्सी बांध कर, स्ट्रेचर लगा कर व आगे बाइक खड़ी करके रास्ते को पूरी तरह से बंद किया गया था। इसको खुलवाने के निर्देश दिए। वहीं इमरजेंसी में एसी बंद मिला। इसके कारण गंभीर मरीजों को गर्मी में परेशानी हो रही थी। एमरजेंसी के वार्ड को बढ़ाकर 10 से 20 बैड का करने के निर्देश दिए।

### गर्भवती महिलाओं में मिली खून की कमी

गायनी वार्ड में मौजूद पांच गर्भवती महिलाओं के कार्ड देखे तो तीन में खून की कमी मिली। इसको लेकर डीपीएम को फटकार लगाते हुए कहा कि उनकी आशा वर्कर क्या कर रही हैं। जब गर्भवती महिलाओं में खून की कमी है। इसके बाद मौजूद नर्सिंग स्टाफ से महिलाओं को बच्चों की देखभाल के बारे में भी नही बता सकी। इस दौरान एक महिला को बिना गंभीर कारण के रेफर करना पाया गया। अस्पताल की लैब के बाहर लगे लाइटिंग बोर्ड में लाइट खराब मिली। डिस्पेंसरी में लगे लाउडस्पीकर का ताला लगा हुआ था। इसकी चाबी ही किसी चिकित्सक व स्टाफ के पास नही मिली। इसको लेकर भी फटकार लगाई।

### स्टॉक में मिली 400 में से 120 दवाइयां



अस्पताल की डिस्पेंसरी में लगभग 400 तरह की दवाइयों का स्टॉक होना चाहिए था लेकिन वहां पर केवल 120 तरह की दवाई मिली। इसके अतिरिक्त अस्पताल के पुराने भवन की दीवार पर पीपल का पेड़ उगा होने पर फटकार लगाई। एचआईवी एड्स की जांच के कमरे के नंबर को टेप लगा कर ढका हुआ था। जिसको सार्थक टीम ने उतारा। इसके अलावा ब्लड बैंक में टीम के आने पर ही व्यवस्थाओं को दुरूस्त करते हुए कर्मचारी दिखाई दिए।

### निदेशक के निर्देशों पर काम शुरू : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक डा. वीरेंद्र यादव ने निरीक्षण में जो-जो कमियां बताई हैं, उन्हें शुक्रवार को ही पूरा किया गया है। जो तोडफोड़ का काम है, वो भी जल्द शुरू करवाया जाएगा। निदेशक द्वारा जो निर्देश दिए गए हैं, उस पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए डिस्प्ले की स्पेशल व्यवस्था की गई है।

### ब्लड बैंक के डिस्पले का स्विच नहीं मिला

निरीक्षण के दौरान टीम ब्लड बैंक पहुंची। यहां एंट्री पर ब्लड बैंक डिस्पले बोर्ड लगा हुआ था। निदेशक ने इसे ऑन करने के लिए कहा। स्टाफ में से किसी को भी ऑन करने के लिए बटन ही नही मिला। सारे कर्मचारी बटन को ढूंढते नजर आए। रात को जो ड्यूटी पर थे, उनसे पूछा तो वह भी कोई जवाब नहीं दे पाए। आखिरकार स्टाफ ने माना कि यह डिस्पले ऑन ही नहीं होता है। इसके बाद ब्लड बैंक के अंदर किस ग्रुप का कितना खून उपलब्ध है, इसको लेकर लगे बोर्ड पर दो ब्ल्ड ग्रुप के आगे जीरो लिखा था। इस पर डा. वीरेंद्र यादव ने स्टाफ से पूछा कि अगर किसी ये ब्लड चाहिए हो तो स्टाफ क्या करे। इस पर कोई भी जवाब नहीं दे पाया। जहां पर ब्लड एकत्रित किया जाता है, वहां एंटरटेनमेंट के लिए एलईडी नही थी। इसे भी लगाने के निर्देश दिए गए।

## नप सफाई कर्मचारी व कूड़ा उठाने वाले हड़ताल पर

- कर्मचारियों ने ठेकेदारों पर शोषण व गुंडागर्दी के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** मेन सडक पर लगे कूडे के ढ़ेर। फोटो : हरिभूमि

नगर परिषद के सफाई कर्मचारी और कूड़ा उठान करने वाले कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं उनका कहना है कि शहर 800 कर्मचारियों की जरूरत है लेकिन 400 कर्मचारी भी पूरे नहीं हैं। दर्जनों कर्मचारी अधिकारियों, नेताओं और पूर्व मंत्रियों के निजी आवासों पर काम करने के लिए तैनात किए गए हैं। बता दे कि हड़ताल के चलते शहर में कूड़ा उठान का कार्य पूरी तरह ठप हो गया कर्मचारियों ने ठेकेदारों पर शोषण और गुंडागर्दी का गंभीर आरोप लगाया है।

उनका कहना है कि ठेकेदार न केवल उनका आर्थिक शोषण करते हैं, बल्कि आवाज उठाने पर नौकरी से निकालने की धमकी भी देते हैं।कर्मचारियों का कहना है कि शहर की आबादी के हिसाब से कम से कम 800 सफाई कर्मचारियों की जरूरत है, लेकिन वर्तमान में 400 कर्मचारी भी पूरे नहीं हैं। इनमें से कई कर्मचारी सरकारी अधिकारियों, नेताओं और पूर्व मंत्रियों के निजी आवासों पर काम करने के लिए तैनात हैं। बचे हुए कर्मचारियों पर पूरे शहर की सफाई का बोझ है, जिसके कारण वे अत्यधिक दबाव में काम करते हैं। सफाई कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार ने कूड़ा उठान का काम ठेकेदारों को सौंप रखा है, जो उनका शोषण करते हैं। कर्मचारियों को सरकार द्वारा घोषित पूरा वेतन भी नहीं मिलता। अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने नगर परिषद के बाहर अपने कूड़ा उठान वाहनों को खड़ा कर दिया और रोष मार्च निकालकर प्रदर्शन किया।

## नेशनल हेल्थ मिशन की टीम ने उचाना सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना सिविल अस्पताल में पहुंच अधिकारियों से बातचीत करते हुए निदेशक।

उचाना के सामान्य अस्पताल में गुरुवार देर शाम को नेशनल हेल्थ मिशन की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण एनएचएम के निदेशक धीरेंद्र यादव के नेतृत्व में देर रात तक संपन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, संसाधनों की उपलब्धता और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का गहन मूल्यांकन किया गया। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए निदेशक धीरेंद्र यादव ने कहा कि यह निरीक्षण केवल खामियां खोजने का प्रयास नही है बल्कि इसका उद्देश्य यह समझना है कि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य संस्थानों को और अधिक सक्षम कैसे बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा हमारा काम समस्याओं को उजागर करने से ज्यादा उनके समाधान पर काम करना है। जब हम संस्थानों का दौरा करते हैं तो जो कमियां सामने आती हैं, उनके लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं ।

## नालों की सफाई का काम अधूरा, ठेकेदार की लापरवाही से दुकानदारों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना के मेधावी छात्र मलकीत सिंह सुपुत्र मुल्तान सिंह ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा प्प्ज ;श्रम्म्द्ध में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे स्कूल और शहर का गौरव बढ़ाया है। मलकीत सिंह ने 99ः अंक प्राप्त करके जनरल कैटेगरी में 12000 रैंक हासिल करके इस प्रतिष्ठित परीक्षा को सफलतापूर्वक पास किया है और प्रतिष्ठित प्प्ज खडग़पुर में म्छचीलेपबे विभाग में प्रवेश पाने में सफल रहा है। मलकीत सिंह ने अपनी सफलता के लिए निरंतर अध्ययन और कड़ी मेहनत की है। उन्होंने बताया कि उन्होंने रोजाना 8.10 घंटे की पढ़ाई के साथ.साथ नियमित मॉक टेस्ट और रिवीजन पर विशेष ध्यान दिया।

### ली जा रही है जानकारी

मैं तुरंत संबंधित अधिकारियों से ठेकेदार की लंबित भुगतान स्थिति की जानकारी ले रही हूं। कोई तकनीकी या वित्तीय अड़चन नहीं है तो ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए जाएंगे कि वह तुरंत कार्य पूरा करे। यदि इसके बावजूद ठेकेदार लापरवाही करता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसी भी स्थिति में सार्वजनिक कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
**सिमरन भटनागर**, बीडीपीओ पुंडरी।

## सीईटीः दो दिन सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

26 और 27 जुलाई को प्रस्तावित सीईटी परीक्षा का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे यूट्यूब, व्हाट्सएप, टेलीग्राम, ट्विटर या फेसबुक पर प्रसारित करने या शेयर करने पर रोक लगा दी गई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सोल्यूशन न करवाने को लेकर कोचिंग इंस्टीटयूट की टीम ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन से मुलाकात कर सुझाव दिया था। संचालक अमर डांगी ने बताया कि लाखों युवाओं को इससे फायदा होगा। जिन बच्चों का पेपर पहली शिफ्टों में होता था, उनको बड़ा नुकसान होता था।



**जींद।** चेयरमैन से मिलते हुए कोचिंग इंस्टीटयूट सदस्य।

उन्होंने बताया कि चेयरमैन के कार्यकाल में लगातार भर्तियों का सिलसिला जारी है। उनकी अनेकों उपलब्धियों में यह ऐतिहासिक फैसला ओर शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन ने युवाओं के हित में यह उचित फैसला लिया है। इस फैसले से युवाओं में खुशी का माहोल है और वह चेयरमैन हिम्मत सिंह व सरकार का आभार प्रकट करते हैं।

## संयुक्त प्रवेश परीक्षाः मलकीत का 12000 रैंक



मलकीत सिंह।

**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना के मेधावी छात्र मलकीत सिंह सुपुत्र मुल्तान सिंह ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे स्कूल और शहर का गौरव बढ़ाया है। मलकीत सिंह ने 99ः अंक प्राप्त करके जनरल कैटेगरी में 12000 रैंक हासिल करके इस प्रतिष्ठित परीक्षा को सफलतापूर्वक पास किया है और प्रतिष्ठित प्प्ज खडग़पुर में म्द चीलेपबे विभाग में प्रवेश पाने में सफल रहा है। मलकीत सिंह ने अपनी सफलता के लिए निरंतर अध्ययन और कड़ी मेहनत की है। उन्होंने बताया कि उन्होंने रोजाना 8.10 घंटे की पढ़ाई के साथ.साथ नियमित मॉक टेस्ट और रिवीजन पर विशेष ध्यान दिया। उनका लक्ष्य इंजीनियरिंग की पढ़ाई करके समाज की सेवा करना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा ने मलकीत सिंह की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि मलकीत हमेशा से एक मेधावी और अनुशासित छात्र रहा है। उसकी यह उपलब्धि न केवल उसकी मेहनत का परिणाम है बल्कि हमारे स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का भी प्रमाण है। हम उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विद्यालय के डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान ने इस अवसर पर कहा कि मलकीत की सफलता हमारे लिए गर्व की बात है। विद्यालय के चेयरमैन प्रवीण कुमार ने मलकीत को बधाई देते हुए कहा यह सफलता न केवल मलकीत और उसके परिवार के लिए बल्कि पूरे नरवाना के लिए गौरव की बात है। उसकी मेहनत और लगन अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है। हम उम्मीद करते हैं कि वह आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करेगा।

### डिप्टी स्पीकर ने किया मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण, अधिकारियों को आधुनिक सुविधाएं देने के आदेश

# 26 अगस्त से ओपीडी सेवा शुरू करना करें सुनिश्चित

- मेडिकल कालेज को एमबीबीएस की मिलेंगी सीट : डा. राजीव
- ओपीडी चालू होने से जिला के ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र के लोगों का मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधाएं :

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** मेडिकल कालेज शुरू करने को लेकर दिशा-निर्देश देते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि अधिकारी मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें ताकि 26 अगस्त से हर हाल में ओपीडी चालू करवाई जा सके। ओपीडी चालू होने से जिला के ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र के लोगों को भी बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मेडिकल कॉलेज में पीने का स्वच्छ पेयजल, सीवरेज इत्यादि की समुचित व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें ताकि मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे बिजली आपूर्ति के कार्य में भी तेजी लाएं।

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने यह निर्देश शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कहा कि वे मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें। सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल के साथ इन सभी कार्यों को तय समय सीमा में करवाएं। सभी अधिकारियों की कौशिश रहे कि मेडिकल कॉलेज में अगले वित्त वर्ष युवाओं का दाखिला प्रारंभ हो जाए, उस प्लानिंग के तहत कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि 26 अगस्त को स्व. हरिचन्द्र मिड्ढा की पुण्यतिथि है। स्व. हरिचंद्र मिड्ढा का सपना था कि जींद में भी मेडिकल कॉलेज हो और जिलावासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए। उनकी पुण्यतिथि पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कार्यक्रम लगभग तय है।

उससे पहले-पहले ओपीडी के कार्यों से संबंधित सभी कार्य पूरा करवाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री नायब सैनी जींद में आएंगे और जिला को करोड़ों रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। उन्होंने पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निरन्तर विकास कार्य करवाए जा रहे है और ये विकास कार्य उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शुमार है ताकि आमजन को चिकित्सा, शिक्षा एवं रोजगार अधिक से अधिक उपलब्ध हो। इस मौके पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा, खानपुर मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर महेंद्र पाल, हेल्थ विभाग के डायरेक्टर विरेंद्र सिंह, सीएमओ डा. सुमन कोहली, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता राजकुमार नैन, पब्लिक हैल्थ के कार्यकारी अभियंता भानू प्रकाश, बिजली बोर्ड के कार्यकारी अभियंता विकास मलिक सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### डॉ. मिड्ढा देंगे एंबुलेंस

इस दौरान मेडिकल कालेज के निदेशक डा. राजीव महेंद्रु ने कहा कि कई बार ऐसे मरीज भी आ सकते हैं, जिनके लिए यहां सुविधा नहीं हो। इनके लिए स्वास्थ्य विभाग से एंबुलेंस की सहायता चाहिए। इस पर विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि एक एंबुलेंस स्वास्थ्य विभाग से मिली जाएगी। दूसरी एंबुलेंस की सुविधा वे अपने स्तर पर किसी संस्था की सहायता से करवाएंगे। इससे एक बार एंबुलेंस की जरूरत पडऩे पर विकल्प के तौर पर दूसरी एंबुलेंस भी मौजूद रहेगी।

### एमबीबीएस की मिलेंगी सीटः डा. राजीव

इस दौरान मेडिकल कालेज के निदेशक डा. राजीव महेंदरू ने बताया कि अभी ओपीडी शुरू होने से अगले साल होने वाली नीट परीक्षा के बाद जींद के मेडिकल कालेज को भी एमबीबीएस की सीट मिल जाएंगी। इसके बाद यहां कक्षाएं शुरू होने से साथ ही चिकित्सक तैयार होते रहे हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में जींद का मेडिकल कालेज क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं को बड़ा केंद्र बनेगा। निदेशक डा. राजीव महेंदरू ने सिविल सर्जन से कहा कि वे ओपीडी शुरू करने में उनकी मदद करें। इस पर सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने कहा कि नियमानुसार वे जो भी सुविधाएं उपलब्ध करवा सकते हैंए प्राथमिकता के आधार पर दी जाएंगी।

### एचटेट परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर डीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

**जींद ।** एचटेट परीक्षा 2025 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने बताया कि परीक्षा तीन शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। 30 जुलाई को लेवल 3 (पीजीटी) की परीक्षा शाम 3 से साढ़े 5 बजे तक] 31 जुलाई को लेवल 2 (टीजीटी) की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर साढ़े 12 बजे तक तथा लेवल 1 (पीआरटी) की परीक्षा शाम तीन से साढ़े पांच बजे तक संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा की निष्पक्षता व पारदर्शिता सुनिश्चित करने की लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इस बार जिले में कुल 30 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। प्रत्येक केंद्र पर जैमर व सीसी टीवी कैमरों व परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की जाए।